बरेली, शनिवार
26 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO:06 MIDDLE

# एसआरएमएस सीईटी में टेकव्योम-2025 आज

जासं, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में तकनीकी वार्षिक उत्सव टेकव्योम-2025 का आयोजन 26 अप्रैल 2025 को किया जा रहा है। यह जानकारी एसआरएमएस सीईटी के डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता ने दी। विद्यार्थियों के टायरो क्लब द्वारा आयोजित इस टेक्निकल फेस्टिवल में 32 कार्यक्रम होंगे। कोड हंट से शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे आरंभ होने वाले टेकव्योम-2025 का समापन शाम पांच बजे पुरस्कार वितरण से होगा। सुबह साढ़े दस बजे संस्थान के शतिक सभागार में उद्घाटन श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति करेंगे। डा. प्रभाकर ने बताया कि प्रौद्योगिकी के प्रति उत्साही विद्यार्थियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने, विचारों का आदान- प्रदान करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन हर वर्ष किया जाता है।